पाइय-कहाओ

प्राकृत कथाएँ



साध्वी कंचनकुमारी 'लाडनूं'

पाइय-कहाओ
(प्राकृत कथाएँ)

साध्वी कंचनकुमारी 'लाडनूं'

सम्पादक

डॉ. हरिशंकर पाण्डेय

9वीं यू.जी.सी. राष्ट्रीय शोध पुरस्कार से सम्मानित

अध्यक्ष, प्राकृत एवं जैनागम विभाग

जैन विश्व भारती संस्थान, लाडनूं (राज.)

जैन विश्व भारती

लाडनूं (राज.)

प्रकाशक :

जैन विश्व भारती

लाडनूं-341306 (राज.)

© जैन विश्व भारती

सम्पादक : डॉ. हरिशंकर पाण्डेय

आर्थिक सौजन्य :

श्रीमती मोहनीदेवी *W/o* स्व. श्री सागरमलजी चौरड़िया

सुरपत चेरीटीज, 'सागर', नं.-160,, सेकेण्ड मेन

फोर्थ क्रौस, फस्ट ब्लॉक, आर.एम.वी., सेकेण्ड स्टेज

बैंगलोर-560964

प्रथम संस्करण : फरवरी, 2005

मूल्य : 75/- रुपये मात्र

मुद्रक : कला भारती

नवीन शाहदरा, नई दिल्ली-32

पाइअ-कहाओ—एक स्तुत्य प्रयास

चरम तीर्थंकर भगवान् महावीर की एक अपूर्व विशेषता यह भी थी कि उन्होंने अपना उपदेश प्राकृत भाषा में—लोकभाषा में दिया था। भगवान् महावीर मगध के निवासी थे, अतः उन्होंने मगध की उस समय प्रचलित प्राकृत भाषा में अपना उपदेश दिया था। उसी भाषा में उनके गणधरों ने भगवान् का उपदेश द्वादशांगी रूप में सूत्रबद्ध किया था। भगवान् के उपदेश में तत्त्वज्ञान, आचार, विश्वस्वरूप की विचारणा आदि के साथ-साथ एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा कथाओं का रहा है। भगवान् सामान्य मनुष्यों को अनेक दृष्टांत, लघुकथाएं एवं चरित्रकथाओं द्वारा जीवन और जीवनधर्म का मर्म बताते थे। षष्ठ अंग नायाधम्मकहाओ (ज्ञाताधर्मकथा) में हम यह देख सकते हैं। यही परंपरा जैन उपदेशकों द्वारा सैकड़ों वर्ष तक अक्षुण्ण चालू रही और हमें प्राकृत भाषा में हजारों छोटी-बड़ी उपदेशकथाएं मिलती रहीं।

जहां-जहां जैन धर्म का प्रसार-प्रचार हुआ वहां-वहां साधुओं ने उस-उस प्रदेश की लोकभाषा को अपने उपदेश का माध्यम बनाया। इस तरह प्रदेशभेद से और कालभेद से लोकभाषा प्राकृत के विविध भेद—मागधी, अर्धमागधी, शौरसेनी, महाराष्ट्री, पैशाची और अंतिम भेद अपभ्रंश में विशाल साहित्य का निर्माण हुआ। मध्यवर्ती प्राकृत महाराष्ट्री में प्राप्त तरंगवती, वसुदेवहिंडी, समरादित्यकथा, कुवलयमालाकथा आदि ग्रंथों का जैन साहित्य में ही नहीं अपितु समग्र भारतीय कथासाहित्य में महत्त्वपूर्ण स्थान है।

भगवान् महावीर के समय से पंद्रह सौ वर्ष तक प्राकृत भाषा विविध स्वरूप में लोकभाषा बनी रही। लगभग दसवीं शताब्दी से आधुनिक भारतीय भाषाओं का उद्‌गम एवं विकास होने लगा। धार्मिक साहित्य की भी इन उत्तरकालीन विविध भारतीय भाषाओं में रचना होने लगी, प्राकृत में रचना प्रवृत्ति मंद हो गयी। किन्तु जैन मुनियों ने आज तक श्रद्धापूर्वक प्राकृत भाषा का अध्ययन, अध्यापन और क्वचित प्राकृत भाषा में रचना करने का सिलसिला चालू रखा है। ऐसा ही एक प्रयत्न है साध्वी श्री कंचनकुमारी 'लाडनूं' की 'पाइअ-कहाओ'।

'पाइअ-कहाओ' में साध्वी श्री विरचित 121 छोटी-बड़ी प्राकृत कथाएं हिन्दी अनुवाद के साथ संग्रहीत हैं। इन कथाओं की दो विशेषताएं हैं—एक तो यह कि ये रचनाएं अनायास की गई प्रतीत होती हैं और दूसरी ये कथाएं अत्यंत सरल, रसिक एवं बोधदायक हैं। इन कथाओं में तेरापंथ के इतिहास में घटी हुई घटनाओं के साथ-साथ प्राचीन प्रचलित लोककथात्मक घटनाओं को भी प्राकृत में ढाला गया है। सरल हिन्दी अनुवाद के साथ संगृहीत ये कथाएं प्राकृत भाषा के विद्यार्थियों के लिए उपयोगी सिद्ध होंगी।

परम पूज्य आचार्यवर्य महाप्रज्ञजी के नेतृत्व में सुविकसित तेरापंथ के साधु-साध्वीगण में ज्ञानार्जन की तीव्र पिपासा रही है। साध्वी श्री कंचनकुमारीजी का प्राकृत भाषा में ग्रंथरचना का प्रयत्न उसी ज्ञानमय वातावरण का द्योतक है।

—रमणीक शाह
(पूर्व अधयक्ष, प्राकृत-पालि विभाग,
गुजरात यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद)

स्वकथ्य

जीवन का उद्देश्य है–आनन्द की खोज। आनन्द प्राप्ति की विविध विधायें हैं। उन विधाओं में एक विधा है–साहित्य-सृजन। साहित्य का आधार है–सत्यं-शिवं और सुन्दरम्। साहित्य के माध्यम से अमूर्त्त और अस्पष्ट भावों को मूर्त्त एवं स्पष्ट करने का प्रयत्न किया जाता है। साहित्य मात्र दर्पण नहीं, वह पथदर्शक भी है। साहित्य के नाना रूपों में एक सर्वग्राही रूप-कथा है। कथा की बुनावट में सुख-दु:ख, आकर्षण और विकर्षण का ताना बना होता है। जैन साहित्य में नीति, उपदेश, वैराग्य, वीरता, मैत्री, साहस, सरलता आदि अनेक विषयों पर प्राकृत व संस्कृत भाषा में हजारों कहानियां लिखी गयी है। कहानी लोकप्रिय, मनोरंजक होने के साथ-साथ ज्ञानवर्धक और बुद्धि का विकास करने वाली है। कहानी एक ऐसी विधा है जिससे कठिन-से-कठिन बात सरलता से समझी जा सकती है। वह बाल, वृद्ध, स्त्री, पुरुष, प्रबुद्ध-अबुद्ध, राजा तथा प्रजा सबको आकृष्ट करती हैं।

प्रस्तुत कथा-संग्रह में लिखी गयी कहानियों में से अधिकांश कहानियां जैन तेरापंथ के इतिहास से जुड़ी हुई हैं। कुछ लोकोपयोगी कथाओं का संचयन भी इसमें हुआ है। इन कथाओं की भाषा प्राकृत है। मैंने जब अध्ययन के क्षेत्र में प्रवेश किया और प्राकृत भाषा से मेरा परिचय हुआ, मेरे मन में एक ललक उठी कि मैं भी इस भाषा पर अधिकार कर इसमें कुछ-न-कुछ अवश्य लिखूं। गणाधिपति तुलसी की दक्षिण भारत की यात्रा के समय मुझे गुरु कुलवास का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उस समय साध्वी श्री कनकप्रभाजी (वर्तमान में महाश्रमणी साध्वी प्रमुखा श्री जी) ने कई साध्वियों को प्राकृत व्याकरण 'तुलसी मञ्जरी' का आद्योपान्त पारायण करवाया। उसी समय से मैं कुछ लिखने का अभ्यास करने लगी। मुझे जहां भी कठिनाई होती वहां आप समाधान करती। गुरुकुलवास की एक अवधि सम्पन्न कर मैं पुन: साध्वी श्री सिरेकुमारी जी 'सरदारशहर' के पास आ गयी। उनके मातृतुल्य वात्सल्य ने मुझे शिक्षित और संस्कारी बनाने में बड़ी भूमिका निभाई है। साध्वी कमलश्री जी के सहयोग को भी मैं विस्मृत नहीं कर सकती, समय-समय पर उनका योगदान मिलता रहा। इसके अतिरिक्त जिनका इस कृति के निर्माण में प्रत्यक्ष-परोक्ष सहयोग रहा, इन सबकी स्मृति करते हुए मुझे अहोभाव की अनुभूति हो रही है।

मैं एक बार श्रद्धेय आचार्य श्री महाप्रज्ञ जी के अपपान में बैठी हुई थी। प्रसंगवश पूज्यवर ने पूछा–क्या कर रही हो? मैंने कहा–प्राकृत में कुछ लिखने का अभ्यास करती हूं। प्रेरणा के स्वर में आगे पूज्यवर ने फरमाया–छोटी-छोटी कहानियां लिखो। मैंने प्रेरणा को शिरोधार्य कर कार्य प्रारम्भ किया और 117 कहानियों का यह संग्रह तैयार हुआ। इस नवीन संस्करण में 121 कहानियां हैं।

जैन विश्व भारती विश्वविद्यालय के प्राकृत विभाग के अध्यक्ष डॉ. हरिशंकर पांडेयजी ने प्रस्तुत कृति का प्रथम संस्करण का कुशल सम्पादन का कार्य स्वयं ने ही किया। अब दूसरे संस्करण का सम्पादन भी इनके हाथों से ही हो रहा है। प्रथम संस्करण के दुरूह कार्य को बड़े ही मनोयोग से स्वल्प समय में ही परिसम्पन्न किया। पांडेय जी प्राकृत भाषा के तलस्पर्शी ज्ञाता हैं।

मैं पूज्य गुरुदेव गणाधिपति तुलसी, श्रद्धेय आचार्य श्री महाप्रज्ञजी, युवाचार्य श्री महाश्रमणजी एवं महाश्रमणीजी से यही मंगल आशीर्वाद चाहती हूं कि पूज्यवरों का पथदर्शन सदा मेरे पथ का आलोक बना रहे। प्राकृत भाषा के नवसिखियों के लिए यह पुस्तक अभ्यास की रेखायें खींच सकी तो मैं अपने श्रम को सार्थक समझूंगी।

साध्वी कंचनकुमारी 'लाडनूं'

अनुक्रमणिका

क्रमांक	विषय	पृ. संख्या
1.	सीस-परिक्खा	2
2.	कया धम्म समायरणं?	4
3.	अवसरस्स मोल्ल	6
4.	वक्क-कला	8
5.	समत्तं	10
6.	रसेसु ण गिद्धे	12
7.	विचित्तं संवाय	14
8.	वेरग्ग-पिरक्खा	16
9.	तवे सूरा अणगारा	18
10.	दउ्ढधम्मि-सावगो	20
11.	अणुसासिओ ण कुप्पेज्जा	22
12.	असाहारण पडिभा	24
13.	विणयस्स उक्किठं उआहरणं	26
14.	विवेगे धम्ममाहिए	28
15.	पिठी मंसं न खाएज्जा	30
16.	पमत्तो किं ण कुणेइ	32
17.	दाणस्स पभाव	34
18.	माणुस्सत्तं खु दुल्लहं	36
19.	अत्ताणं ण समुक्कसे	38
20.	कसेह अप्पाणं	40
21.	णणेण विणा ण हुंति चरणगुणा	42
22.	धम्मो एव सरणं	44
23.	अप्पं अप्पणा जाणह	46
24.	धम्मे-धुए-णिइए-सासए	48
25.	सो किं करेइ	50
26.	लोहो सव्व विणासणो	52
27.	गुणागुणरूवं णामकरणं	54
28.	अप्पमत्तस्स णत्थि भय	56
29.	तवेसु वा उत्तमं बंभचेरं	58
30.	समया धम्ममुदाहरे मुणी	60
31.	उवसमेण हणे कोहं	62
32.	एगं जिणेज्ज अप्पापाणं एस से परमो जओ	64
33.	समप्पणं	66
34.	संकप्प-सत्ती	68
35.	णिरासा साहणाए विग्घो	70
36.	सुठिअप्पा बालमुणी	72
37.	कयग्घणया पावं	74
38.	दड्ढसंकप्पो	76
39.	विणये ठवेज्ज अप्पाणं	78
40.	रायणीइए चत्तारि-सुत्ताणि	80
41.	धी-परिक्खा	82
42.	तवो कम्मं निज्जरेइ	84
43.	वियार संपेसणं	86
44.	अबीया खमा	88
45.	धुव-जोगं	90
46.	णो पमाइए	92
47.	देहेदुक्खं महाफलं	94
48.	माहमंतस्स महत्तं	96
49.	सपुरिसाणं संकप्पो	98
50.	दुस्संगं चएज्जा	100
51.	खणं जाणाहि पंडिए	102

52. सव्वं सुचिण्णं स्फलं 104
53. को मेहावीद्य 106
54. समयाए पडिमुत्ती 108
55. विसज्जणं 110
56. हवइ बीयाणुरूवं फलं 102
57. कं णाणं सोहइ? 114
58. अप्पेण मा बहु विलुंपह 116
59. अपत्थं आसेवणस्स फलं 118
60. सद्धापरम-दुल्लहा 120
61. पोग्गलाणं भंगुरआ 122
62. पण्णा समिक्खए 124
63. दिट्ठिभेओ 126
64. अत्तहियं खु दुहेण लहइ 128
65. साहल्लस्स रहस्सं 130
66. एगत्तं सुहहेउ 132
67. णियसासणं पुणो अणुसासणं 134
68. को कुणइ कीवस्स संरक्खणं? 136
69. को अमरो? 138
70. पत्तेयं पुण्णपाव 00
71. जोव्वणो ण पच्चावलइं 00
72. सहावाणुसरेण पस्संति लोगा 00
73. चएज्ज देहं ण उ धम्म-सासणं 00
74. अप्पाणं-सरणं 00
75. सच्चम्मि धिइं कुव्वह 00
76. का ओसही उत्तमा? 00
77. को पंडिओ? 00
78. परिवट्टणं वत्थुसहावं 00
79. खामेमि सव्वजीवे, सव्वे जीवा खमंतु मे 00
80. चक्कवट्टिस्स भोयणं 00
81. जागरउ मण मंदिरं 00
82. खंति सेविज्ज पंडिए 00
83. जीवणस्स सारं णाणं 120
84. इच्छा हु आगाससमा अणंतिया 00
85. वेयणा विमुत्ती 123
86. पच्चुप्पन्नमई 00
87. किरियं च रोयइ धीरो 00
88. अलं बालस्स संगेण 00
89. जारिसी दिट्ठी तारिसी सिट्ठी 00
90. इड्ढीए परिच्चायं 00
91. आणा गुरुणं अवियारणिज्जा 00
92. विहारचरिया इसिणं पसत्था 00
93. विवत्ति अविणीयस्स संपत्ति विणीयस्स य 00
94. सत्तीए चमक्कारो 00
95. अप्पसुद्धिसाहणं धम्मो 00
96. सव्वं ण होइ 00
97. पमाओ परमो सत्तु 00
98. सच्चमेव सरणं 00
99. धम्मो सुद्धस्स चिट्ठइ 00
100. को चेयणं आवरेइ! 00
101. को णिमज्जइ? 00
102. किमुक्किट्ठं जणणीजणयाइरित्तं 00
103. धम्मं विणाा णिप्फलं मणुयजम्मो 00
104. सच्चमेव जअइ 00
105. बुद्धीअ सिज्झंति कज्जाणि 00
106. कुम्म व्व अलीण पलीण गुत्तो 00
107. सम्मचित्तं होयव्वं 00
108. सहाव परिवट्टणं कुणह 00
109. का सिक्खा मुक्खपुरिसाणं 00

110. मा पुणो चुकिज्जइ 00
111. कहं भविस्सइ अत्तसोही? 00
112. दिढधम्मिणी साविगा 00
113. कोहो-चंडालो 00
114. सामाइयस्स महत्तं 00
115. वेयावच्चं 00
116. जे कम्मसूरा ते धम्मसूरा 00
117. अप्पा दन्तो सुही होइ 00
118. कायगुत्तीए-मुत्ती 00
119. सोयारा-तिण्हि-पयारा 00
120. चउरा पण्हा 00
121. ण मुञ्चणिज्जं मणुयसहावं 00

70. पत्तेय पुण्णपावं

अहेसि णयरम्मि तिण्णि मित्ताणि करेंति परोप्पपरं अप्प गुणाणं वक्खाणं। साहिअं पढमेण भूवइसुत्तेण–भो मित्तवर! जिवेमि अहं पुण्णवलेण? भणिअं बीअ अमच्चपुत्तेण–सहयर! अहं विज्जावलेण।

बोल्लइ तइओ वणिओ अंगजाओ–अत्थि अहं वाणिज्ज कुसलो। णिअ दइवपरिक्खा हेऊ गमिआ तिण्हि जणा सुदूरपएसम्मि। णयरुज्जाणम्मि चिट्ठंति। तस्स णयरस्स णरणाहो अकम्हा कालं पत्तो। सज्जाविओ महामंत्तिणो एगो आसो। सो आसो चरमाणो आगओ जत्थ चिट्ठइ रायकुमारो। तक्खणं आसेण सयमेव साहरिसो रक्खिओ कुमारो णियखंधोवरिं। णयरजणा रोमंचीअ। जय-जय सद्देण गूंजिओ आयासो।

बीय दिवसे वाणिज्जकुसलो पुरिसो पविट्ठो पुरम्मि। एगो वावारिओ थेरो आवणम्मि ठिओ। सो वणिअपुत्तो तस्स समीवमागओ। तद्दिवसे अत्थि तहेव मंगलोस्सवो। आगच्छंति आवणम्मि अणेग-पुरिसा वत्थुक्कअणट्ठं।

सो वुड्ढो पुडिअं बंधेउं असमत्थो। समयण्णु वणियपुत्तो थेरस्स सहअरो होऊण विक्किणेउमाढत्तो पुडिया। घय-गुड-सुट्ठि-मिरिअ-लवणाइयाणं पुडिअं बंधिऊण सव्वाणं देहं लग्गो। आवणसामी लद्धो अचिंतिअं लाहं। संतुट्ठो सो सेट्ठी वणिज्जपुत्तं अणेग वत्थालंकारेण सम्माणिओ सक्कारिओ य, पुणरवि वि उवणिमंतिओ य।

तइओ धीमंतो पहाणअत्तओ भममाणो आगओ कम्हि णयरीए मज्झे, तहेव बहवे लोगा परुप्परं साहेंति–अज्ज णयरीए अपुव्वं घडीअ। सो पहाणसुत्तो वि पवेसिओ ववहारम्मि। पेक्खइ एगं विचित्तं घडणाचक्कं। दुवे महिलाओ नरिंदसमीपमागया। तया णरिदो पुच्छइ–किमेत्थ आगमणपओयणं? ता साहेंति–नरणाह! विवायं निण्णयत्थं आगमिआ तुम्हाणमंतिआ।

राया जम्पइ–अत्थि जं तुम्हाणं विवाओ तं साहअं। एगा भणेइ–अत्थि इमो वालो मे अत्तओ। बीइआ वि एवं चिय कहेइ। तद्देसणत्थं समागआ बहवे लोगा। राया वियारइ एत्थ किं परमत्थओ सच्चं किं असच्चं? तं च कहं जाणिज्जइ। राया णिण्णेउमसमत्थो जाओ।

मंतिपुत्तो कहेइ–नरिदं! होउ जइ तुब्भाण अणुमइ ता मए एयाणं विवाअं कसवट्टिए कसिज्जइ, तेण सच्चमसच्चं वि जाणिज्जइ। राया भणेइ–कोवि उवाएण एयाणं विवायं भंजिऊण एगं मायरं परमाणं कुणं।

70. प्रत्येक का पुण्य-पाप अलग-अलग है

एक नगरी में तीन मित्र परस्पर अपने-अपने गुणों की प्रशंसा कर रहे थे। पहले राजा का लड़का बोला–मित्र! मैं अपने पुण्य बल पर जीता हूं। दूसरा मंत्रीपुत्र कहने लगा–मैं अपनी विद्वता पर जीता हूं।

तीसरे वणिक् पुत्र ने कहा–मैं व्यापार में कुशल हूं। अपने-अपने भाग्य की परीक्षा करने के लिए तीनों दूर प्रदेश गये। नगर के उद्यान में ठहरे। उस नगर का राजा अकस्मात् काल को प्राप्त हो गया। महामंत्री ने एक घोड़ा सजाया। वह घोड़ा चलता हुआ उद्यान में पहुंचा, जहां राजकुमार बैठा था। हंसते हुए घोड़े ने राजकुमार को अपने कंधें पर बैठा लिया। जनता रोमांचित हो गयी। राजकुमार की जय-जयकार से आकाश गूंज उठा।

दूसरे दिन व्यापार कुशल वणिक् पुत्र ने नगर में प्रवेश किया। व्यापारी बाजार में बैठा था। वह वणिक् पुत्र भी उसके पास चला गया। उस दिन वहां मंगलमहोत्सव था। अनेक पुरुष वस्तु खरीदने के लिए आ रहे थे।

वह वृद्ध पुरुष पुड़िया बांधने में असमर्थ था। समयज्ञ वणिक् पुत्र सेठ का सहयोगी बनकर पुड़िया बेचने लगा। घी, गुड़, सौंठ, मिर्च, नमक आदि पुड़िया बांधकर सबको देने लगा। दुकान के स्वामी को अचिंत्य लाभ की प्राप्ति हुई। संतुष्ट होकर दुकानदार वणिक् पुत्र को अनेक वस्त्र अलंकार से सम्मानित किया और फिर आने के लिए निमन्त्रण दिया।

तीसरा बुद्धिमान् प्रधान-पुत्र भ्रमण करता हुआ किसी नगर में आ गया। अनेक लोग परस्पर कह रहे थे आज नगर में अपूर्व घटना घट गयी है। प्रधान-पुत्र भी न्यायालय में पहुंचा। वहां उसने एक विचित्र घटना चक्र देखा। दो महिलाएं राजा के पास आई। राजा ने पूछा–यहां आने का क्या प्रयोजन? वे दोनों बोली–हे नरनाथ! आपके पास निर्णय के लिए आई हूं। राजा ने कहा–जो विवाद हो, उसे कहो। एक स्त्री ने कहा–यह बालक मेरा आत्मज है। दूसरी औरत ने भी इसी प्रकार बतलाया। उस दृश्य को देखने के लिए बहुत सारे लोग एकत्रित हो गए। राजा ने सोचा–परमार्थतः क्या सत्य है, क्या असत्य है, यह कैसे जाना जाए। राजा निर्णय करने में असमर्थ हो गया।

तया मतिअंगओ ता दोण्णि महिलाओ बोल्लाविऊणाहइ–भणसु जहत्थं अन्नहा करिस्सामि अहुणाच्चिय डिंभस्स खंड-खंडं। देमि तुब्भं अद्धं अद्धं। एवं दुहदं वुत्तंतं सुणित्ता एगा-महिला गग्गअसरेण भणेइ-मंतिप्पवर! मा कुण एयं अवराहं, जइ जीवेइ पुत्तो तया कहमवि मुहकमलं विलोएमि, अओ करसु पुत्तस्स सुरक्खा। बीआ इत्थी साहेइ–जं करिस्सं तं च्चिअं अहं मन्नेमि। तत्थेव ठिओ णिवो सव्वं निरूवेइ, अप्पेइ पुत्तं पढमं इत्थिं।

तस्स बुद्धिए संतुट्ठेण निवेण सो पारियोसिओ अणेग दव्ववत्थुहिं।

मंत्री पुत्र ने कहा–नरेन्द्र। यदि तुम्हारी अनुमति हो तो इस विवाद को मैं कसौटी पर कसूं, जिससे असत्य-सत्य का निर्णय हो जाएगा। राजा ने कहा–कोई भी उपाय से इस विवाद को भंजन कर एक मां को प्रमाणित करो।

मंत्रीपुत्र ने दोनों महिलाओं को बुलाकर कहा–यथार्थ घटना बतलाओ अन्यथा इस बच्चे का खंड-खंड कर दूंगा और तुम लोगों को आधा-आधा दे दूंगा। इस प्रकार दु:खद बात को सुनकर एक महिला गद्‌गद् स्वर से बोली–मंत्री प्रवर! ऐसा अपराध मत करो। अगर बेटा जिन्दा रहेगा तो कैसे भी मुंह कमल देख पाऊंगी, इसलिए पुत्र को सुरक्षापूर्वक रखो। दूसरी स्त्री बोली–जो भी तुम करोगे वही मुझे मंजूर है। वहां बैठा राजा सब कुछ देख रहा था। प्रथम स्त्री को सच्ची मां समझकर राजा ने अपने हाथों से पुत्र को उसे दे दिया। मंत्री पुत्र की कुशाग्र बुद्धि से संतुष्ट होकर राजा ने उसे अनेक वस्तुओं को पारितोषिक रूप में दिया।

71. जोव्वणो ण पच्चावलइ

परिणयवया अवणयंगीं य थेरी वच्चइ मग्गम्मि। दट्ठुण तं ईसिहसमाणेण पुच्छिआ जुवगेण–मायर! अहे किं ढुंढिल्लसि? किं वत्थु पाससि? गंभीर सरेण थेरीए पडुत्तरिअं–सुअ! नट्ठं मे तरुण्णभूयं मोत्तिअं, तं अण्णेसामि। अत्थि अगम्मो अमुल्लिरो गुज्झो, हत्थेहिं णिक्कसिओ य। अमुल्लो जोव्वणो ण पुणो पच्चावलइ?

वइक्कंतो जुव्वणस्स लावण्णं ण पुणरवि आवट्टइ। वच्छ! कुणसु सुरक्खं इंमस्स मोत्तिअस्स। मा होव मुहा संब्भमो। पेक्खियव्वं सययं जीवणं। खणमेत्तमवि पमायं मा करियव्वं।

71. यौवन फिर नहीं लौटता

परिणत अवस्था और झुके हुए अंगों वाली एक वृद्धा मार्ग में चली जा रही थी। मुस्कुराता हुआ एक युवक बोला–माता! नीचे क्या ढूंढ़ रही हो? क्या वस्तु देख रही हो? गंभीर स्वर से वृद्धा बोली–बेटा मेरा तारुण्यरूपी मोती खो गया। उसकी गवेषणा कर रही हूं। वह अगम्य है, अमूल्य है, गुप्त है–हाथों से निकल गया। वह अमूल्य यौवन पुनः नहीं मिल सकता।

अतीत का यौवन-सौन्दर्य पुनः प्राप्त नहीं होता है। वत्स! इस मोती की सुरक्षा करो। वृथा संभ्रमित न होवो। अपने जीवन को देखना चाहिए। क्षणमात्र भी प्रमाद मत करो।

72. सहावाणुसारेण पस्संति लोगा

पच्चूसे रायमग्गम्मि सयइ एगो पुरिसो। अणेगे भममाणा पुरिसा तं पुरिसं पासंति। तेसु एगेण पुरिसेण असिणेह-वज्जकक्कसाए गिराए वज्जरियं। एस पुरिसो मज्जपाणेण उम्मत्तो हुविअ पडिओ। चेअणावि खलिआ जाआ। ण ओलक्खिज्जइ मुहागिई।

दीहणीसासमुंच्चंतेण बीयपुरिसेण पज्जरिअं–इमो पुरिसो मुओ अमुणिओ य सयण-बंधु-जणेहिं।

तइओ भणेइ–एसो पहिओ, गममाणो थक्किओ, संतो, परितंतो य वीसमणट्ठं सोयइ।

सगरिहं भासाए चउत्थो पुरिसो भणइ–एसो पुरिसो तक्करो अत्थि। रयणीए पम्हुसइ अहुणा मुच्छिअ पडिओ।

वज्जरइ पंचमो पुरिसो–अत्थि अप्पलीणो जोईसरो। करेइ अज्झत्त बीसामं। अणेगविहा चिंतणस्स, एग-वत्थूवरिं भिण्णा-भिण्णा कप्पणा। जे जारिसा सन्ति ते तारिसा वियारेंति। णियसहावाणुसरेण पासंति जणा सव्वजगजीवाजीवदव्वाइं।

72. स्वभाव के अनुसार ही लोग देखते हैं

प्रात:काल राजमार्ग में एक पुरुष सो रहा था। आते-आते अनेक पुरुषों ने उसे देखा। उनमें से एक पुरुष अस्नेह कर्कश वाणी में बोला–यह पुरुष मद्य पीकर उन्मत्त होकर गिर पड़ा है। चेतना शून्य हो गया है। इसकी मुंह की आकृति भी पहचानी नहीं जाती। दूसरा पुरुष दीर्घ-नि:श्वास छोड़ता हुआ बोला यह पुरुष मर गया है। इसके स्वजन बंधुओं को मालूम नहीं है।

तीसरे ने कहा यह कोई एक पथिक है। चलता हुआ थक गया। संतप्त परितप्त हुआ विश्राम के लिए सो रहा है।

चौथे ने सगर्हित भाषा में कहा–यह पुरुष तस्कर है। रात्रि में चोरी करता है, इस समय मूर्च्छित होकर पड़ा हुआ है।

पांचवें पुरुष ने कहा–यह तो आत्मा में लीन योगी है, अध्यात्म-विश्राम कर रहा है (योग-निद्रा में सो रहा है)।

चिन्तन की विधा अनेक होती है, पर वस्तु के ऊपर भिन्न-भिन्न कल्पनाएं हैं। जो जैसे होते हैं वैसे ही विचार करते हैं। निज स्वभाव के अनुसार ही लोग सम्पूर्ण विश्व के जीव अजीव द्रव्य को देखते हैं।

73. चएज्ज देहं ण उ धम्म-सासणं

एगासिअं मज्झसव्वरीए विचिंतिअं नरनाहेण-जियसत्तु रज्जम्मि अत्थि एआरिसी का वत्थु जेण कयावि कस्स वि पयारेण तं असहलं करणं असंभवं। अन्नेसणं काउं पउत्तो। गुज्झ-रूवेण मुणिअं णराहिवेण अंतरं विभेओ। अहेसि तस्स रज्जम्मि एगो महत्तपुण्णो तुरंगो, तस्स पहावो अतुल्लो। रक्खिओ सो आसो सुरक्खाहेऊ समदिट्ठ-सावग-जिणदत्तस्स हम्मम्मि। पडिदिणं गच्छइ सेा जिणदत्तेण सह मुणि-दंसणट्ठं।

हिणेण तुच्छेण णिवेण पेसिओ कवडकुडिलो बंकयारो एगो पुरिसो जियसत्तु समीवं। सो करेइ जिनदत्तसावगेण सद्धिं मित्तत्तणं। परोप्परं परिवड्ढइ पेम्मभावणा, महुर-ववहारेण हवंति एगमेगं, परं ण मुणिआ जिणदत्तेण तस्स तिरोहिअ-कवड रेहा।

वीसास-पत्तं जाणिऊण एगासिअं साहिअं-बंधुप्पवर! गच्छामि अहं कज्जवसेण अण्णठाणे कुणसु सुरक्खं तुरंगस्स। सीगरिअं कुडिलो मित्तस्स कहणं। पच्चूसे मुणिवंदणट्ठं गओ वंकयारो पुरिसो तुरंगेण सद्धिं। पच्चावलिअं तं घरस्स अग्गओ चलाविओ परं तुरओ एगमवि पयं अग्गओ ण सरइ। तया तो तं ताडइ, पीट्टइ, कुट्टइ य। दिड्ढपइण्णो वाहो परओ चलणं ण सीगारेइ। पाणं परिचत्ता वि धम्मं णीसंकं णिव्वाहइ। आसो आवइकालम्मि गहिअव्वयस्स सम्मं रूवेण परिपालेइ।

एआरिसदिड्ढपइण्णाणं कस्स वि तुलाए तुलणं असक्कं। मिच्छादिट्ठीव्यूहे परिबंधणे वि सो ण खलइ जस्स लक्खं पइ दिट्ठी। गज्जइ ताणं गारवगाहा दिसाचक्कवालम्मि।

73. शरीर को छोड़ दो, धर्म शासन को न छोड़ो

एक बार मध्य-रात्रि में राजा ने चिन्तन किया—जित शत्रु राजा के राज्य में ऐसी क्या वस्तु है, जिसके कारण किसी भी प्रकार से उसे असफल नहीं किया जा सकता। अन्वेषण करने में प्रवृत्त हुआ। गुप्त रूप से राजा अन्दर के भेद को जान गया। उसके राज्य में एक महत्त्वपूर्ण घोड़ा है। उसका प्रभाव अतुल्य है। वह घोड़ा सुरक्षा हेतु सम्यग् दृष्टि श्रावक जिनदत्त के घर रखा हुआ है। वह प्रतिदिन जिनदत्त के साथ मुनि-दर्शन के लिए जाता है। हीन और तुच्छ राजा ने जितशत्रु के पास एक कपट-कुटिल और वक्र पुरुष को भेजा। उसने जिन-दत्त श्रावक के साथ मित्रता कर ली। प्रेम भावना बढ़ी। मधुर व्यवहार में दोनों एक रस हो गए। पर जिनदत्त उसकी छिपी हुई कपट रेखा को नहीं पहचान पाया।

विश्वास-पात्र जानकर जिनदत्त ने कहा भाई! मैं कार्य-वश कहीं अन्य स्थान जा रहा हूं। इस घोड़े की सुरक्षा करना। कुटिल मित्र के कथन को स्वीकार कर लिया। प्रातःकाल मुनि वंदन के लिए वक्र पुरुष घोड़े के साथ गया। दर्शन कर वापिस आते समय घोड़े को घर से आगे चलाया। पर घोड़ा एक कदम भी आगे नहीं बढ़ा। तब उसने घोड़े को खूब पीटा और मारा। दृढ़ प्रतिज्ञ घोड़ा आगे चलने के लिए स्वीकार नहीं किया। घोड़े ने अपने प्राणों का परित्याग कर दिया पर धर्म को नहीं छोड़ा। आपत्ति काल में भी घोड़े ने गृहीत धर्म की सम्यक् प्रति पालना की। ऐसे दृढ़ प्रतिज्ञ को किसी भी तुलना पर तोला नहीं जा सकता। वह मिथ्या दृष्टि के चक्रव्यूह में पड़कर भी अपने लक्ष्य के प्रति जागरूक रहने वाला स्खलित नहीं होता। उसकी गौरवगाथा चारों दिशाओं में गूंजती है।

74. अप्पाणं सरणं

विहरमाणे गुरु महिरूहस्स हेट्ठं झायइ झाणं। गुरूवकंठे ठिओ सीसो। इओ आगमिओ पंचाणणो। भयभिओ सीसो पायवोवरिं उवगच्छइ। तक्खणं वोल्लावीअ गुरुं। एहि गुरुदेव! एहि उवरिं। भवसमीवं आगमिओ सीहो। भक्खिस्सइ तुमं। झाणम्मि संलीणो गुरु तुण्हिको जाओ। समीवं आगओ केसरी परं झाणं ण खुडीअ। गुरुं जिग्घित्ता अग्गओ सरिओ सीहो। पच्चोरूहइ सीसो। विहरंति एए। मगगम्मि गुरुं दंसइ तिक्खअर भसलो। पीलाए उप्पीडिएण गुरुवरेण साहिअं वेअणा उप्पज्जइ।

सीसो–गुरुवर! अच्छेरं बहु अच्छेरं। अहं ण जाणामि भेअं। जया आगओ सीहो, तया झाणम्मि संलग्गो, संपइ भसलदंसणेण कहं तिव्व वेअणा फुडिआ। इमस्स किं रहस्सं?

सीस! अविण्णायो तुमं। जया आगओ केसरी मज्झ समीवे तया अहेसि अहं अप्पाणं सरणम्मि, अहुणा सीसेण सद्धिं।

74. आत्मा की शरण

मार्ग में चलते-चलते गुरु एक विशाल वृक्ष के नीचे ध्यान के लिए बैठ गए। गुरु के पास शिष्य भी बैठ गया। इधर से एक पंचानन आया। भयभीत होकर शिष्य वृक्ष पर चढ़ गया। गुरु को भी बुलाया है। हे गुरुदेव! ऊपर आ जाओ। आपके पास सिंह आ रहा है, और यह आपको खा जाएगा। ऊपर आ जाएं। ध्यान में तल्लीन गुरु मौन थे। केसरी सिंह गुरु के पास आ गया। फिर भी गुरु का ध्यान नहीं टूटा। सिंह गुरु को सूंघकर आगे चला गया।

शिष्य नीचे उतरा। दोनों ने विहार किया। मार्ग में गुरु को तीक्ष्ण मच्छर ने काट लिया। मच्छर की पीड़ा से गुरु ने कहा तीव्र वेदना हो रही हो।

शिष्य–गुरुदेव! बहुत आश्चर्य होता है। मैं इस भेद को नहीं जान पाया। जब आपके पास सिंह आया। तब आप ध्यान में संलग्न थे और अभी एक मच्छर से काटने से इतनी वेदना व्यक्त कर रहे हैं। इसका क्या मतलब?

शिष्य? इसका रहस्य तू समझ नहीं सका। जब मेरे पास केसरी सिंह आया था तब मैं आत्मा की शरण में था। और मच्छर ने काटा तब मैं तुम्हारे साथ हूं।

75. सच्चम्मि धिइं कुणह

भिक्खू-किसण! तुह सहावो बहुउग्गो, अओ मे अप्पणा सद्धिं ण रक्खिस्सं। तुमं कहं गमणं? कि कायव्वं? वियारेज्ज।

किसणो—जइ तुमं अप्पणा सह ण रक्खेज्ज तया अप्पणं पुत्तं पि नेस्सामि त्ति कहिऊण सो अरुणिभूओ।

भिक्खू—तुमं को रुंधेज्ज? तव संपया तवग्गे चिट्ठइ।

किसणो—उट्ठ वच्छ! कहिं अण्णट्ठाणे गच्छामो वयं। मं बुड्ढो करेइ दूरं, वयं किं ण करेमो! एवं जम्पमाणो सो किसणो सिग्घं णियपुत्तस्स करं गहित्ता अन्नत्थ ठाणे गओ।

पुत्तो—ताय! अत्थि अहं कयपुण्णो। लब्भइ अम्हे चिंतामणीरयणेण तुल्लो भिक्खुसामी। मम दव्वाओ तह भावओ वि खेमं हवइ। अओ पुज्जवरचलणेसु सययं वसणं ज्जेव मे वांच्छा।

जाणेमि अहं कयावि पयारेणं तत्थ ण रक्खिस्सइ।

पुत्तो—जइ तुमं एवं कहेसि, ता अहं करिस्सं सच्चग्गहं। ममाहारो आयरिप्पवर-हत्थेहिं होहिइ, अण्णहा जावज्जीवं अणसणं करेमि। एव्वं कया पडिण्णा साहस-पुव्वयेण भारीमालेण।

किसणो—वच्छ! जाव उयरो भत्तपुरियो ताव पेरंतं अणसणं। जया बुभुक्खापिवासेहिं पीडिओ ता हवेज्ज आउल-वाउलो। थोवं कालं पच्छा किसण मुणी गोयरियाए महुर-सणेह-सुरभिय-भव्वं उत्तमं भोयणं घेत्तूण समागओ।

एहि-एहि पुत्त! एहि अप्पण पिअ-पुत्तो दोण्हि सद्धिं भक्खेमो आहारं। पुत्तो तुण्हिको ठिओ। पुणरवि कहेइ आगच्छ पुत्त! सत्तरमागच्छ! पुणो-पुणो कहेइ। रोसेण कहेइ पुणरवि तुमं सुणेसि अहवा णो। महुर-सरेण पुणरवि भणेइ—मुंच-मुंच अण्णग्गहं। अणसणं मुंचित्ता सिग्घमागच्छ। करेमो वयं एक्कमेकं आहारं। तया वि ण दिण्णं पच्चुत्तरं।

एवं अइक्कंता तिण्हि बासराइं, ण भोयण-गहियं, ण च पिअं णीरं। कया जणयो विविहा उवाया परन्तु ण लहइ सहलत्तणं।

किसणो चिंतेइ—कहमवि मम कहणं पुत्तेण ण सीगारियं। अहुणा किं वांच्छसि त्ति णायव्वं।

75. सत्य में धृति रखो

भिक्षु स्वामी—किसनो जी! तुम्हारा स्वभाव बहुत उग्र है। इसलिए तुझे मैं अपने साथ नहीं रखूंगा। तुम्हें कहां जाना है, क्या करना है, विचार कर लो।

किसनोजी—स्वामी जी! यदि तुम अपने साथ नहीं रखोगे तो मैं अपने पुत्र को भी साथ ले जाऊंगा। ऐसा कहकर क्रोध से लाल हो गए। भिक्षु—तुझे कौन रोकता है। तुम्हारी सम्पत्ति तुम्हारे पास है।

किसनोजी—उठ बेटे! कहीं अन्यत्र स्थान पर हम लोग चलें। मुझे बूढ़ा छोड़ रहा है। हम दोनों पिता-पुत्र कुछ नहीं कर सकते? ऐसे बोलते हुए किसनो जी बेटे का हाथ पकड़कर कहीं अन्य स्थान पर ले गए।

पुत्र—पिताजी हम कृतपुण्य हैं, हमें चिन्तामणि रत्न तुल्य भिक्षु स्वामी मिले हैं। हमको द्रव्य और भाव दोनों तरफ से फायदा है। अतः सतत पूज्य गुरुदेव के चरणों में निवास करने की ही मेरी इच्छा है।

पिता—पुत्र! मैं जानता हूं किसी भी शर्त पर वे हमें नहीं रखेंगे।

पुत्र—पिताजी! यदि आप ऐसा कहते हैं तो मैं सत्याग्रह करूंगा। मेरा आहार पूज्यवर के हाथों से ही होगा। अन्यथा मैं जीवन भर के लिए अनशन ग्रहण करता हूं। इस प्रकार साहस पूर्वक बाल-मुनि भारीमाल जी ने प्रतिज्ञा कर ली।

पिता—पुत्र! जब तक तेरा पेट भरा पड़ा है तब तक ही अनशन है, जब भूख-प्यास लगेगी तब आकुल-व्याकुल हो जाएगा। थोड़ी देर बाद किसनोजी गोचरी में मधुर सरस भिक्षा लेकर आये। पुत्र को आवाज लगाई। पुत्र! आओ-आओ! हम दोनों मिलकर आहार करेंगे। पुत्र मौन रहा। पुनरपि आवाज दी। आओ भारीमाल शीघ्र आओ (यों) बार-बार बुलाया। पर पुत्र नहीं उठा। (किशनोजी) रोष में होकर बोले—तू सुन रहा या नहीं। फिर मधुर स्वर में बोले—बेटे आग्रह को छोड़कर शीघ्र आ जाओ। हम दोनों साथ मिलकर आहार करेंगे। फिर भी उत्तर नहीं दिया।

इस प्रकार अनशन के तीन दिन बीत गये। न भोजन किया न ही पानी पिया।

पिता ने विविध उपाय किए पर किसनो जी पुत्र को समझाने में सफलता प्राप्त न कर सके। अन्त में पुत्र की प्रतिज्ञा को देख मलिन मुख

फुडिअं उत्तं तेण जं तुह कहणं ण सीगारिस्सं।

पिआ–जइ तव इहा एवं च्चिय ता पयल भिक्खुसामिसमीवे। सामिं दंसणट्ठं उक्कंट्ठिओ भारीमालो सत्तरं उट्ठिओ। तक्कालो दोण्हि गमिआ गुरुवरस्स सन्निहीए। उल्लसियमणो सीसो सविणय-सभत्तिं णमंसित्ता वंदइ।

किसणो भणइ–भंते! भारीमालो तुम्हाणमेव झाणइ, थुवइ, अच्चइ, अहिवंदइ, समरेइ य। कयं मे परिक्खणं परं किंचि वि ण विअलिओ। इमो तुम्हाण एव जोग्गं, तुम्हाणमेव सीसो। सीगारेह मे पत्थणा। सविणयं णिवेएमि–णिअसमीवे ज्जेव भारीमालं रक्खउ।

सामी–सुणेह किसण! किंच वि णत्थि ममग्गहं। पुणरवि परिक्खणं करेह णिअपुत्तस्स।

किसणो–भंते! समग्गपयारेण करीअ परिक्खणं। भयवम्मि ज्जेव तल्लीणो वट्टइ।

समुज्जलभालो भारीमालो आयरियप्पवराणं पायारविंदेसु आगच्छइ। अट्ठमस्स पारणं कारेइ गुरुवरो णिअहत्थेण। भारीमालमुणी सव्वप्पयारेण गुरुवरं पइ समपिओ आसि सद्धाविणअ-भत्ति-भावेण करेइ सामिणं आराहणं।

किसनो जी ने चिन्ता किया–मेरा कथन इसने किसी भी तरह स्वीकार नहीं किया। अब पुत्र क्या चाहता है। इसकी जानकारी करनी चाहिए।–उसने स्पष्ट कह दिया कि आपका कथन स्वीकार नहीं करूंगा।

पिता–यदि तेरी इच्छा ऐसी है तो भिक्षु स्वामी के पास चलें। स्वामी जी के दर्शन का उत्कंठित शिष्य भारीमाल शीघ्र उठ गया। तत्काल दोनों गुरुदेव की सन्निधि में उपस्थित हुए। उल्लसित मन शिष्य गुरुदेव को सविनय सभक्ति प्रणाम करके वंदना की। किसनोजी ने कहा–भगवन्? भारीमाल आपका ही ध्यान करता है। स्तुति करता है, अर्चना करता है। अभिवादन करता है। आपको ही प्रतिक्षण स्मरण करता है। मैंने परीक्षा की है पर किंचित् भी विचलित नहीं हुआ। यह आपके ही योग्य है और आपका ही शिष्य है। मेरी प्रार्थना स्वीकार कर भारीमाल को अपने पास ही रखें। आचार्य भिक्षु–किसनो जी? सुनो इसमें मेरा जरा भी आग्रह नहीं है। फिर परीक्षा कर लो अपने बेटे की।

किसनो जी–भन्ते समग्र प्रकार से मैंने परीक्षा कर ली है। यह आपमें ही लीन है।

उज्ज्वल भाल श्री भारीमाल आचार्य प्रवर के चरणों में आ गये। तेले की तपस्या का पारणा आचार्य भिक्षु के हाथों से किया। भारीमाल जी स्वामी आचार्य भिक्षु के प्रति सर्वात्मना समर्पित थे। श्रद्धा भक्ति से स्वामी जी की आराधना करते थे।

76. का ओसही उत्तमा?

एगया महारायहरम्मि कुलभाणू समुप्पन्नो।अणेग समुद्दीअ- सुलक्खण-संपण्णपुत्तं णिभालिऊण णरणाहो विचिंतइ–मे अंगजाओ ण सिया कयावि रोयक्कंतो, कायव्वा एयारिसी ववत्था। अदिस्सं भविस्सं गवेसंतो णरणाहो निमंतीअ अणेग चिकिच्छगाणं। तेसु वेज्जवरेसु नरनाहेण दिण्णं आएसं तिण्हं वेज्जाणं। वेज्जवरा! वण्णणं करह सवित्थरं चिकिच्छासत्थस्स। पढमेण वेज्जवरेण भणिअं–नरेंद! ममोसहीए पुव्वरोयं अवस्सं फिट्टिस्सइ। जइ णत्थि पुव्ववाही ता सो हवइ अहिओ लुग्गो।

बीओ अणुभवी चिकिच्छगो बोल्लइ–णराहिव! मे चिगिच्छप्पओगेण निच्छिअमेव णिरामओ जाओ रायकुमारो। जइ ण हवइ रोयं ता ण हवइ लाहं ण हाणी य।

तइओ कुसलो चिगिच्छगो सगव्वेण कहइ–नराहिव! निसामेह ममोसहीए वक्खाणं। मे ओसही सोमरसेण भाविआ। होहिस्सइ अक्खलिया पडिकिरिया। भविस्सइ रायकुमारस्स देहो कणगसारिसो सुन्देरो। सिग्घं आरुग्गलाहं पाविस्सइ। अणागये वि ण होहिइ वाहीसंक्कमणं। बल-परक्कमेण सया तरुणो रहिस्सइ।

नरेंदो तइअओसहीए संतुट्ठो होऊण बोलीअ अत्थि तइय भेसजं अणुत्तरं, सव्वदुक्खाणं हारगं रोयमोचगं य।

पढमा–ओसही जहण्णा, बीआ–मज्झमा, तइआ–उत्तमा य। एवं मज्जाया तइया ओसहिसारिसी सा धुणइ पुव्वकम्म-मलं ण हवइ अणागयमवि मिलाणो अप्पा।

76. कौन-सी औषधि उत्तम है?

एक बार राजा के घर में कुल सूर्य उत्पन्न हुआ। अनेक सामूहिक सुलक्षण सम्पन्न पुत्र को देखकर राजा चिन्तन करने लगा–मेरा अंगजात कभी भी रोग से आक्रान्त न हो, ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए। अदृष्ट भविष्य को खोजते हुए नरनाथ ने अनेक वैद्यों को आमंत्रित किया। उन वैद्यों में से राजा ने तीन वैद्यों को आदेश दिया–वैद्यवर! अपने चिकित्सा शास्त्र का वर्णन करो।

प्रथम वैद्य ने कहा–नरेन्द! मेरी औषधि से पूर्व रोग जरूर नष्ट हो जाएगा, किन्तु पहले व्याधि न हो तो अधिक रुग्ण हो जाएगा।

दूसरा अनुभवी वैद्य बोला–महाराज! नि:सन्देह मेरे चिकित्सा प्रयोग से राजकुमार नीरोग हो जाएगा। यदि पहले रोग न हो तो न तो हानि होगी और न ही लाभ मिलेगा।

तीसरा कुशल वैद्य सगर्व बोला–नरेन्द्र? मैं मेरी औषधि का जिक्र कर रहा हूं। ध्यान से सुने–मेरी औषधि सोम रस से भावित है। अत: इसकी प्रतिक्रिया अस्खलित होगी। राजकुमार का शरीर कनक जैसा सुन्दर हो जाएगा। शीघ्र ही आरोग्य लाभ को प्राप्त होगा। अनागत में भी रोग का संक्रमण नहीं होगा। बल पराक्रम से सदा तरुण रहेगा।

तीसरी औषधि से राजा सन्तुष्ट होकर बोला–तीसरी औषधि अनुत्तर है। सर्व दु:खों का हरण करती है और रोग का मोचन होता है।

प्रथम औषधि जघन्य दूसरी मध्यम और तीसरी उत्तम है। इसी प्रकार–मर्यादा तीसरी भेषज के समान है। मर्यादा पूर्व कर्म का नाश करती है, अनागत में आत्मा को कभी मलिन नहीं होने देती।

77. को पंडिओ?

परिचिंतिअं मेघमुणिणा–अज्ज गआ संपुण्ण–विहावरी जागरणे ज्जेव। गमणागमणिराणं साहूणं चलगेहिं अप्फालणेण उच्चावच–भूमिए य णिद्दा ण आगमिआ। महच्छरियमेत्थ ण कुणेंति मुणिणो पुच्छणं पडिपुच्छणं, जं रत्तीए णिद्दा आगआ वा ण। कस्सवि हिययम्मि णत्थि ममत्तभावो। मज्झ घरम्मि अणेगे भिच्चा मम पुरओ पंजलिउडा ठिआ–को आएसो त्ति पुच्छंति पुणो–पुणो। णिच्छियमेव उइअम्मि दिणयरे भयवं वंदित्ता गमिस्सं नियभवणम्मि।

मत्तंडो उदयो जाओ। झत्ति उवट्ठिओ सो पच्चूसे भगवस्स महावीरस्स सरणम्मि। संतो परितप्पो मेहो सखेयणसद्देहिं णिवेइउं पउत्तो–पुज्जवरा! जहा कहिं चि णीआ जामिणी। मुणीवराणं आगमणेण पडिगमणेण अप्फलिअं मे सरीरं। ण करेंति ते सम्मरूवेण बालमुणिणं परिवालणं। भवयं एत्थ खणमेत्तमवि ण सुहमणुहवामि। विहावरीए पुण्णघडणं सुणावेउं णियहरं जाउं य णिवेयणट्ठं उवट्ठिओम्हि। भंते! परिचइअ भंडोवगरणं, रयहरणं, गोच्छगं, वत्थं, पत्तं य अहिलसेमि गंतुं अप्पमंदिरं।

मेह! मा होज्ज अणासो, दुब्बलो य। वच्छ? अधीरस्स ण होइ मुल्लं। ण मुणिअं तुमए धम्मतत्तं। कसवट्टिआ सुवण्णस्स च्चेअ होइ। पाणेहिं अहिक्कं माहप्पमप्पेइ धम्मो।

भद्द! अविण्णायो अत्थि। पुव्वजीवणचरिअं समरसु। एगग्गचित्तेण जाइसुमरणणाणेण य मुणिआ मेहमुणिणा पुव्वजीवणघडणा।

पहुचलणेसु गग्गअगिराए करेइ अणुतावं मेहमुणी। धी! धी! मे ण ओलक्खिअं जीवण-मुल्लं। तक्खणं पहुं वंदित्ता णिवेइयो सो–पहु! दुवे अक्खिणं अइरित्तं अणण्णभावेण समप्पेमि संपुण्ण-जीवणं।

मेह! अत्थि मणुवो छउमत्थो दोसभायणो य, तुम्हा चुक्कइ महुं-मुहुं। परं जो एगहुत्तं अवबोहं करिअ पुणरवि ण करेइ खलणं सो पंडिओ।

भद्द! हवेज्ज खमिरो सहणसीलो य। होउ साहणाए धीरो-वीरो-गंभीरो य।

77. पंडित कौन?

मेघमुनि ने चिन्तन किया–आज तो सम्पूर्ण रात्री जागरण में ही बीत गयी। आते-जाते साधुओं के पैरों की ठोकर लगने से तथा भूमि ऊबड़-खाबड़ होने से नींद नहीं आयी। आश्चर्य की बात तो यह है कि साधुओं ने पूछा तक नहीं (कि) रात्री में (तुम्हें) नींद आयी या नहीं। किसी के दिल में ममत्व नहीं है। मेरे घर में अनेक नौकर मेरे आगे हाथ जोड़े खड़े रहते और कहते 'क्या आदेश है?' इस प्रकार बार-बार पूछते रहते थे? निश्चित ही कल सूर्य उदय होते ही भगवान् को वन्दना करके अपने घर में जाऊंगा।

सूर्य उदय हुआ। प्रातःकाल में शीघ्र ही भगवान् महावीर के चरणों में संतप्त, परितप्त-सा मेघमुनि उपस्थित हुआ। सखेद शब्दों में निवेदन किया–पूज्यवर! जैसे-तैसे मैंने रात्री बिताई है। मुनियों के गमनागमन से मेरा शरीर पीड़ित हुआ। वे सम्यक् रूप से बाल-मुनि का प्रतिपालन नहीं करते हैं। भगवन्! यहां क्षणमात्र भी सुख की अनुभूति नहीं हो रही है। रात की सारी घटना सुनाने व घर जाने हेतु निवेदन करने के लिए उपस्थित हुआ हूं। भंते! ये सारे उपकरण रजोहरण, गोच्छग, वस्त्र, पात्र आदि को छोड़कर मैं अपने घर जाना चाहता हूं।

मेघ! निराश ओर दुर्बल मत होवो। वत्स! अधीरता का कोई मूल्य नहीं होता। तुमने अभी धर्मतत्त्व को नहीं जाना। कसौटी सोने के लिए होती है। धर्म प्राण से भी अधिक महत्त्वपूर्ण है।

भद्र! तुम अज्ञात हो। अपनी पूर्व जीवनचर्या को याद करो। एकाग्रचित्त से एवं जाति स्मृति ज्ञान से मेघकुमार ने अपनी पूर्व जीवन-घटना को जान लिया। प्रभु के चरणों में गद्गद वाणी में अनुताप करने लगा। छिः छिः मैंने नहीं समझा अपने जीवन-मूल्य को। भगवन्! मैंने आप द्वारा सुनकर सब कुछ जान लिया है। तत्काल भगवान् को वंदना करके निवेदन किया–प्रभो! सिर्फ दो आंखों को छोड़कर सम्पूर्ण जीवन को पूज्य-भगवान् के श्री चरणों में–समर्पित करता हूं।

मेघ! मनुष्य छद्मस्थ और दोषों का घर है–इसलिए वह बार-बार चूकता रहता है। गलती करता रहता है। पर जो एक बार अपराध कर पुनः दुबारा त्रुटि नहीं करता वही पंडित है।

भद्र क्षमावान और सहनशील बन साधना में धीर, वीर, गंभीर होवो।

78. परिवट्टणं वत्थुसहावं

मंत्तिप्पवर! अज्ज अम्हे कुत्थ आगमिआ। समन्तओ दुब्भि आगच्छइ। इमीए नालीए णीरं दुग्गंधजुत्तं अपवित्तं य। वाएण सद्धिं अणायासेण दुब्भि सव्वत्थ वित्थरीअ। पिहिअ णिवो वत्थेण नासिअं। सिग्घं अग्गओ सरिओ।

नरिंद! संसारस्स पाडिक्कं वत्थु परिणमणसावेक्खं। वत्थु अप्पसहावम्मि ण विसरूवेण, ण उण अमयरुवेण। किंतु हवइ वत्थु अणंतधम्मत्तओ।

मंति! किं मलीणं णीरं हवइ सुद्धं?

बुद्धि निहाणेण पहाणेण अण्णदव्वेहिं तं जलं कयं परिसुद्धं। सुरहिअे-णीरं पेसिअं नरनाह-पिबणट्ठं। सीअं तोयं पिवेंतो णिवो बहु पसण्णो जाओ।

मंति! सच्छं णिम्मलं सीअं सुद्ध-णीरं कओ उवलद्धं? अज्ज अमयतुल्लं महुरसीअं जलं पीऊणं मे मणो अईव तत्तिं संतिं च लहीअ।

हसमाणो पहाणो बोल्लइ-नरिंद! अत्थि इदं उदअं तीए ज्जेव दुब्भिजुत्तनालीए। पज्जवा खणिआ। एत्थ किमवि वत्थु ण विज्जइ निरट्ठयं। जं-जं पासइ तं सव्वमवि महामुल्लिल्लं। अत्थि पाडिएक्कं वत्थु पइपलं परिवट्टणसीलं।

78. परिवर्तन वस्तु का स्वभाव है

मंत्री! आज हम कहां आ गए? चारों ओर से दुर्गन्ध आ रही है। महाराज! इस नाली का पानी दुर्गन्ध-युक्त एवं अपवित्र है। पवन के साथ सर्वत्र दुर्गन्ध फैल गया है। इस नाली के पानी में दुर्गन्धि पैदा हो गयी है। राजा ने वस्त्र से नाक को बन्द कर लिया। जल्दी-जल्दी आगे चले गये। मंत्री—नरेन्द्र! संसार की प्रत्येक वस्तु परिणमन सापेक्ष है। प्रत्येक वस्तु अपने स्वभाव में न विष है न अमृत है। किन्तु वस्तु अनन्त धर्मात्मक है।

मंत्री! क्या कभी मलिन पानी भी शुद्ध होता है? बुद्धि निधान प्रधान ने सुरभित पानी राजा को पीने के लिए भेजा। शीतल पानी पीकर राजा बहुत प्रसन्न हुआ। मंत्री—ऐसा शुद्ध निर्मल शीतल जल कहां से लाया! आज अमृत तुल्य मधुर शीत जल पीकर मुझे अतिशय तृप्ति, शान्ति की अनुभूति हुई है।

हंसता हुआ प्रधान बोला—राजा! यह उदक उसी मलिन दुर्गन्धयुक्त नाली का है। पर्याय क्षणिक है। यहां कुछ भी वस्तु निरर्थक नहीं है। जो-जो देखते हैं वह सब महामूल्यवान है। प्रत्येक वस्तु प्रतिपल परिवर्तनशील है।

79. खामेमि सव्वजीवे, सव्वे जीवा खमंतु मे

चोरिअ चंडप्पज्जोयणनरनाहेण उदअणमहाराअस्स सुवण्णगुलिआ चेडिआ। बहुअवबुज्झकरणे वि ण मन्नीअ सो णिवो। आरद्धं जुज्झं। पराजिओ पज्जोयणो पाडीय कारागारे य। उदयणनरनाहेण पज्जोअणस्स पंजरम्मि 'ममदासीपई' ति लिहाविज्जीअ। पच्चोरुहइ विजयं काऊण णियपएसे उदयणो। मग्गम्मि समागओ संवच्छरीमहापव्वस्स महामुल्लिल्लो अवसरो। दिवसमेत्तं विस्सामं काऊण तत्थ ज्जेव संवच्छरीपव्वं मुन्नइ। पोसहोवासं करइ। संज्झासमयम्मि पडिक्कमणं करित्ता सव्वजीवरासीहिं साअं खमतखमणं आअरइ। उइए सुज्जे अमच्चपरियरेहिं खमायाअणं पच्छा गयो कारागारे, उज्जुमणो उदयणो सब्भावणाए खमतखमणं करीअ पज्जोयणेण। तक्खणं साहिओ आसुरत्तो चंडप्पज्जोयणो–नरिंद! किमेअं धम्मस्स पडिफलं? एगओ कारागार बंधणे पडिओ म्हि अण्णओ खमायाचणं करिज्जइ। एअं विडम्बमेत्तं। इमा विचित्ता दुधारिआ छुरिआ। उदयण! तुब्भाण इदं सद्दं दड्ढोवरिं लवणं सारिसं। तुज्झ केरिसो कोहो केरिसो माणुण्णअणं। हंत! अहुणावि ण ओलक्खिअं जहत्थं जिण–देसिअं धम्मतत्तं। जइ मुणियधम्मरहस्सं जीवणम्मि आचिण्णं ण हवइ णवरं सवणेण किं।

जो जाणंतो वि ण जाणइ, कुणमाणो वि ण कुणइ, हवइ तत्थ वंचणं विडंबणत्तं य। संपइ तिरोहिओ तुह अंतरंगो कवडरेहाए। अओ मुहालाव संलावेण किं! जइ सच्चहिअयेण होउ खंतिक्खमो, ता होउ दूरं वेरभावो।चंडपज्जोअणस्स वत्थविअसद्देहिं उग्घडिआ उदयणणिवस्स दुवेवि णयणा। रिउमणो उदयणो विणय–भावेण कयंजलीउडो भुज्जो–भुज्जो खमायाचणं करइ। उभयपक्खम्मि वायावरणं सव्वं भव्वं जायं।

79. क्षमादान देता हूं सबको : क्षमा मुझे दें सारे जीव

उज्जयनी का राजा चंड प्रद्योत उदयन महाराजा की 'सुवर्ण गुलिका' दासी को चुराकर ले गाय। बहुत समझाने पर भी राजा नहीं समझा? युद्ध आरम्भ हो गया। महाराज प्रद्योतन पराजित हो गए और कारागृह में डाल दिए गए। राजा उदयन ने प्रद्योतन के पिंजरे पर 'ममदासी पति' (मेरे दासी के पति) यह नाम लिख दिया। उदयन युद्ध में विजय प्राप्त कर पुनः अपेन राज्य में आ रहे थे। मार्ग में संवत्सरी महापर्व का अमूल्य अवसर आ गया।राजा ने मार्ग में एक दिन विश्रज्ञम कर वहीं संवत्सरी महापर्व मनाया। पोषध उपवास किया। संध्या समय में प्रतिक्रमण कर चारगति चौरसी लाख जीव राशि से क्षमायाचना की। सूर्य उय होने पर अमात्य नौकरों से क्षमायाचना करके फिर कारागृह में गए। ऋजुमन उदयन सद्भावना से प्रद्योतन से क्षमायाचना की। तत्क्षण आसुरक्त चंड प्रद्योतन बोला–नरेन्द्र! क्या यही धर्म का प्रतिफल है। एक ओर तो मैं कारागृह के बन्धन में पड़ा हूं, दूसरी ओर क्षमाायचना की जा रही है। यह तेरी क्षमायाचना विडम्बना मात्र है। विचित्र है। तेरी दुधारी छुरिका, उदयन! तुम्हारे ये शब्द जले हुए पर नमक डालने जैसे हैं। कैसा कोप? कैसा अहंकार का उन्नयन? हंत अभी भी तुमने नहीं जाना यथार्थ तत्त्व को? जिन भाषित धर्म को? ज्ञात धर्म रहस्य यदि जीवन में आचरित नहीं हुआ तो केवल श्रवण करने से क्या लाभ?

जो जानता हुआ भी नहीं जानता, करता भी नहीं करता फिर तो वह धर्म वंचना और विडम्बना मात्र है। अभी तुम्हारा अन्तरंग कपट रेखा में तिरोहित है। अतः व्यर्थ ही आलाप संलाप से क्या? यदि सच्चे हृदय से क्षमायाचना हो तो वैर–भाव दूर हो सकता है। राजा चंड प्रद्योतन के वास्तविक शब्दों ने उदयन राजा के दोनों नयन खोल दिए।

महाराजा उदयन ने विनयभाव से हाथ जोड़कर दिल खोलकर राजा के साथ बार–बार क्षमायाचना की।

दोनों पक्ष का वातावरण बहुत सुन्दर बन गया।

80. चक्कवट्टिस्स भोयणं

पंजलिउडो माहणो अहिवंदण-थुइ-अच्चणं-गारवगाहं य जम्पमाणो पविट्ठो रायद्दारे।

पुट्ठं नरनाहेण—माहण! एत्थ किमट्ठं आगमिओ?

किं विवक्खसि?

माहणो—नरिंद! दालिद्दजणिअ दुक्खेण पडिपलं मे हिअयं पीलइ। तम्हा हे नरेस! कुणउ अणुग्गहं।

नरनाहेण—माहण! याचेज्ज जहेच्छिअं वरदाणं।

माहणो कहइ—करिस्सं भज्जाए सद्धिं परामरिसं। गयो हमम्मि।

सुहगे! णरिंदो देह इच्छिअ-दाणं, तुए किं अहिलसिअं!

सामी! होयव्वं पडिदिणं नवणवघरेसु सडरस-भेयणं, तआणंतरं होयव्वं दाहिण-रुवेण एगा सुवण्ण मुद्दा।

बीअइ-दिवसे पच्चूसकाले उवट्ठिओ माहणो राय-मंदिरे। रक्खिओ इत्थिअ परामरिसं णिवस्स सम्मुहे।

तक्कालं किवालुणा नरेण 'तहत्थु' त्ति अप्पिअं वरं।

माहण—हिअयम्मि समुप्पण्णो अबीआणंदो।

तयाणिमेव रण्णा कारिआ णयरम्मि उग्घोसणा।

चक्कवट्टी वियारइ—पच्चक्खं बंभणो दरिद्दो, मंदभग्गो य, जओ आगमिरा लच्छी तेण पच्चावलिआ।

पढम-दिवसे बंभणदंवई जिमिउं णिवस्स पागलासाए समागया। जिमाविओ चक्कवट्टी सरस-खीररसवई पक्कण्णं, णाणावंजणजुत्तं साउभोयणं य।पच्छा दिण्णं सुवण्णदिणारं।णयरम्मि पडिदिणं एए जिमिउं गच्छंति णविणहरेसु अतिहि-रुवेण। जत्थ कत्थ वि भोअणं करेंति तक्खणे चक्कवट्टिभोअणं सुमरिऊण ते रोअणं करेंति। तक्खणं चक्कवट्टी भोयणस्स सई तरुणा जाया, भोयणं सरमाणो माहणो रोतुं पउत्तो।

जारिसं लक्खपजत्तं करणेणवि माहणस्स पुणरिव चक्कवट्टी भोयणपत्ति परम दुल्लहा जाआ तारिसं नरभवो दुल्लहो।

80. चक्रवर्ती का भोजन

हाथ जोड़कर ब्राह्मण अभिवंदन, स्तुति, अर्चना और राजा की गौरव-गाथा गाता हुआ राज दरबार में प्रवेश किया।

राजा ने पूछा—माहण! यहां कैसे आए! क्या इच्छा है। हे राजन! दरिद्रता के दु:ख से प्रतिपल हृदय पीड़ित रहता है। हे नरेश! अनुगह करे।

भूदेव! इच्छित वरदान मांगो!

राजन्! मेरी पत्नी से परामर्श कर फिर वरदान मांगूंगा। (कहकर) अपने घर गया।

सुभगे! नरेन्द्र इच्छित दान दे रहे हैं, तू क्या चाहती है।

स्वामी! प्रतिदिन नए-नए घरों में षड्रस भोजन मिले और भोजन के बाद दक्षिणा रूप में एक सुवर्ण-मुद्रा जरूर होनी चाहिए। दूसरे दिन प्रात:काल ब्राह्मण राजभवन में उपस्थित हुआ। स्त्री के साथ हुए परामर्श को राजा के सम्मुख रखा। तत्काल राजा ने 'ऐसा ही हो' कहकर वरदान दिया। ब्राह्मण के मानस में अद्वितीय आनन्द हुआ। राजा ने शीघ्र ही नगर में घोषणा करवा दी।

चक्रवर्ती ने सोचा ब्राह्मण प्रत्यक्ष मंदभाग्य और दरिद्र है। क्योंकि आती हुई लक्ष्मी को लौटा दिया। प्रथम दिन ब्राह्मण-दम्पति भोजन करने के लिए चक्रवर्ती की पाकशाला में गयी। चक्रवर्तीने सरस और खीर पकवान एवं नाना प्रकार के व्यंजन युक्त स्वादु भोजन करवाया, फिर सुवर्ण मुद्रा दान रूप में दी। दोनों नगर में प्रतिदिन नए-नए घरों में अतिथि रूप में भोजन के लिए जाते हैं। जहां कहीं ये दोनों भोजन करते हैं—तत्क्षण चक्रवर्ती के भोजन की स्मृति उभर आती है। भोजन की स्मृति करके ब्राह्मण रोने लग जाता। लाख प्रयत्न करने पर भी ब्राह्मण को चक्रवर्ती जैसा भोजन नहीं मिला वैसे ही मनुज को मनुष्य का जन्म दुबारा मिलना महा मुश्किल है।

81. जागरउ मण मंदिरं

अत्ताए बुद्धिपरिक्खणं करिउं आहूआ सुण्हा। पमुइअ-पंजलिउडा उवट्ठिआ बहू—मायर! का आणा? को आएसो?

णिसामेह! अहं गच्छामि बहिं, अप्पण-भवणम्मि ण पविट्ठेज्ज अंधयारो।

पयडीभद्दा णवोढा चिंतेउं लग्गीअ। कल्लं करिस्सामि एआरिसी ववत्था जाए मंदिरम्मि ण पविसेज्ज अंधयारो। पिहीअ सव्वाइं वायायणाणं पमुहदारं च। लगुडं नेऊण चिट्ठिय सयं दार-समीवं। जह-जह वच्चइ रयणी तह-तह वड्ढइ अंधयारो। चिन्तइ बहू-ण जाणेमि अहं, कुत्थओ पविट्ठो अंधयारो। जट्ठीए पीट्टइए, कुट्टइ, ताडइ य। तयावि कालो-कज्जलो अंधयारो पडिक्खणं परिवड्ढइ।

इयंतं आगमिआ सासू। उग्घाडिअ कवाडं। रोयमाणी सविणय बहू भणइ सासु! पहवइ रत्त-धारा हत्थेसु, टुट्टीअ जट्ठी, तयावि ण णट्ठो अंधयारो। हसमाणी बहूआए मत्थयं करेण छीवंती अत्ता साहेउ पउत्ता-सुण्हा! ण विण्णयं इमस्स विण्णाणं, पाससु बहू! कहं पणट्ठो होइ अंधयारो। पज्जालिओ झत्ति दीवो। सुण्हा! एवं णट्ठो अंधयारो। पंजलिउडा कहेइ सा—सासु! मुणिओम्हि अंधयारप्पेसणकलं त्ति कहन्ती अत्ताए चरण-कमलम्मि सहरिसं णिवडिआ णवोढा।

साहग! एवमेव उज्जागरसु सम्म-णाणेण मण मंदिरं।

81. मन-मंदिर को जागृत करो

सास ने पुत्र-बहू की बुद्धि की परीक्षा करने के लिए उसे बुलाया। बहू! इधर आओ। प्रमुदित अंजलिबद्ध बहू सास के पास उपस्थित हो गयी।

माता जी! क्या आज्ञा? क्या आदेश?

बहू! सुनो मैं आज कहीं बाहर जा रही हूं। पीछे से तुम ध्यान रखना अपने भवन में कहीं अन्धेरा न घुस जाए। प्रकृति भद्र नव वधू चिन्तन करने लगी। ऐसी व्यवस्था करूंगी जिस कारण से हमारे मन्दिर में अन्धकार प्रवेश ही न कर सके। भवन के सभी वातायन बन्द कर दिए। प्रमुख द्वार पर स्वयं दण्ड लेकर बैठ गयी। जैसे-जैसे रात्री बीतती गयी—वैसे-वैसे अन्धेरा बढ़ता गया। बहू ने सोचा—न मालूम यह अन्धेरा कहां से प्रवेश कर रहा है। लाठी से पीटने-कूटने और ताड़ने लगी फिर भी काला कजल अंधेरा प्रतिक्षण बढ़ता ही जा रहा था। इतने में सास आ गयी। द्वारा खोला। रोती हुई बहू सविनय बोली—सास! हाथों में खून की धारा बह रही है, लाठी भी टूट गयी। फिर भी इस ढीठ अन्धेरे ने नहीं माना, अन्दर घुस गया। बहू के सिर पर हाथ रखकर हंसती हुई सास ने कहा—बहू! अन्धेरे को भगाने का विज्ञान तूने नहीं सीखा। देख बहू! अन्धकार कैसे दूर होता है, मैं बतलाती हूं। सास ने शीघ्रता से दीपक जलाया और अन्धेरा भाग गया। बहू! अन्धेरा ऐसे भागता है। बहू हाथ जोड़कर 'सास! अन्धेरे को भगाने की कला अब जान गयी हूं', ऐसा कहती हुई सास के चरण कमल में गिर गयी।

साधक! इसी प्रकार सम्यक् ज्ञान के द्वारा अपने मन मन्दिर को उजागर करो।

82. खंति सेविज्ज पंडिए

आयरियप्पवराण धम्म-देसणं सवणट्ठं उवट्ठिआ विज्जंति उल्लसिअमणा अणेगे सेट्ठि-गाहावइ-इत्थि-बाल-जुवाण-वुड्ढा नरनारिणो य। पावयणमज्झे गुरु पायकमलं पणमिऊण ताण पुरओ अवणअमत्थओ विनयसीलो-कयंजली एगो सीसो णिवेयइ—भयवं! अणुजाणह महुअरीयाए गंतुं समुच्छुकोहं। मत्थअं-धुणमाणेण सखेयेण उइण्णं आयरियेण-अज्ज पव्वदिवसे करेंति बाल-जुवाण-थेरा सामाइअपोसहोववासाइं तुह करसि आहारं, कि उइयं? वच्चइ अट्ढदिणं सेसं अइक्कमं होइ। पच्चक्खेह उववासं।

भंते! संति संघम्मि बहुमुणीसाहुणीआ ते करेंति घोरतवं। परं, अहं छुहा खेअखमणे अक्खमो। तिक्ख-दिट्ठीए पासमाणेण आयरियेण ताडिओ सीसो मम्मिगसद्देहिं। वच्च-वच्च, जहासुहं करेह।

वण्हि-सरिच्छा हवइ धरणी। सव्वंपि वायावरणं तावमअं जाअं कूरडअमुणी गुरुणं अणुण्णं नेऊण्ण मज्झण्णकालम्मि असंसत्तो अमुच्छिओ अणुव्विग्गो भत्तपाणगवेसमाणो मंदं-मंदं चरेइ। मुहाजीवीकप्पिअंफासुयं पडिगहिअ अरसं-विरसं भोयणं जहट्ठाणं आगओ, रक्खिओ गुरूण-अग्गओ आहारं। तं विलोएत्ता गुरुवरा आसुरत्तो जाओ।रोसेण धम्म-धमंतो तक्कालं थुक्कइ भोअणपत्ते।

विणयसीलो सीसो तं भायणं गहिऊण एगंतं गमित्ता ठिओ, कयं 'इरियावहियपडिक्कमणं' अप्पज्झाणम्मि लीणोविचिंतेइ मुणी—गुरुवरेण कयं अणुग्गहं, पक्खिवइ घयं, तेण हवइ अरसोवि सरसाहारो। एवं अणुप्पेक्खं करेन्तो कम्मगंठि भेत्तूण विसुद्ध-णाणं पत्तं। देव-देवीहिं महुसवो आरद्धो।

विम्हिअ-आयरियेण पुट्ठं—अकम्हा एवं कहं जायं? णिवेइअं सीसेहिं घडिअघडणं। एव्वं खंतिधम्मायरणेणं सव्वं भव्वं अपुडलं य जाइ।

82. पंडित क्षमा का आसेवन करता है

आचार्य प्रवर की धर्म देसना सुनने के लिए उल्लसित मन वाले अनेक सेठ, गाथापति, स्त्री, बालक, युवक, वृद्ध व नर-नारी उपस्थित थे। प्रवचन के बीच गुरु के पादकमल को नमन करके गुरु के सम्मुख सिर झुकाकर करबद्ध एक शिष्य निवेदन करता है—भन्ते! मुझे मधुकरी जाने की आज्ञा प्रदान करें। मस्तक धुनते हुए गुरु ने खेद व्यक्त करते हुए कहा—शिष्य! आज पर्व का दिन है, बालक, वृद्ध, युवक सामायिक, उपवास व पौषध करते हैं। क्या तू अकेला आहार करेगा? क्या यह तेरे लिए उचित है? आधा दिन बीत गया और शेष समय भी ऐसा ही बीत जाएगा। प्रत्याख्यान कर ले। भन्ते! इस धर्म-संघ में बहुत से साधु व साध्वियां घोर तपस्या करने वाले हैं। पर मैं क्षुधा वेदना को सहने में अक्षम हूं। तीक्ष्ण दृष्टि से देखते हुए आचार्य ने मार्मिक शब्दों से ताड़ना दी—'जा, जा' जैसा मुख हो वैसा करो। धरती धूप से उत्तप्त हो गयी। सारा वातावरण तप्त हो गया। कूरगड़मुनि गुरु की आज्ञा पा अनासक्त भाव से अमूर्च्छित व अनुद्विग्न होकर भक्त पान की गवेषणा के लिए मन्थर गति से चल रहे थे। मुधाजीवी, कल्पित, प्रासुक, अरस-विरस आहार ग्रहण कर यथास्थान आ गए। गुरु के सम्मुख आहार रखा। आहार को देखकर आचार्य आसुरक्त हो गए। क्रोधित होकर पात्र में थूक दिये। विनयी शिष्य पात्र को उठाकर एकान्त में जाकर बैठ गया। 'इरियावहिया' प्रतिक्रमण किया। आत्मध्यान में लीनह ो मुनि ने चिन्तन किया गुरुदेव ने पात्री में घी डालकर मुझ पर बहुत बड़ा अनुग्रह किया है। जिससे निरस भी सरस बन गया। इस प्रकार अनुप्रेक्षा करते हुए कर्म ग्रन्थियों को तोड़कर वह परम केवल ज्ञान को प्राप्त हो गया। देव-देवियों ने महोत्सव मनाया। विस्मित आचार्य ने पूछा—अकस्मात् क्या हो गया? शिष्यों ने सारी घटित घटना की जानकारी दी। इस प्रकार क्षमा धर्म के आचरण से सब कुछ भव्य एवं अनुकूल हो जाता है।

83. जीवणस्स सारं णाणं

वच सुअ, वच्च, पोट्टगं नेऊण चुल्लपिउस्स समीवे, भाउणिज्जो सिग्घं रयणचागचिग्ग-हीरग-पोट्टगं गेण्हित्ता उवट्ठिओ आवणम्मि। समप्पिअं गंठिबद्धरयणं। पिउज्ज! विक्किणिज्जा उइय-मुल्लेण इमा सामग्गी।

पुत्त! उग्घडसु गंठिं। तक्कालं भाउणिज्जो अप्पणहत्थेहिं उग्घाडइ गंठिं।

चुल्लपिऊ विलोइत्ता रयणं साहेउं पउत्तो-पुत्त! संपइ रक्खसु इमं सामग्गिं सुद्धवत्थे बंधिऊण आभरणकरंडिगाए, जया अहं याचिस्सं तया मम समप्पियव्वं। संतुट्ठो भाउणिज्जो गयो हम्ममि, पाउक्कयं सव्वं वइयरं मायरं। मायर! रक्ख णिज्जं रयणं सुद्धवत्थे बंधिऊण मंजुसाए। पाडियारिया पुणो-पुणो। भाउणिज्जो जया बुद्धिजुत्तो जाओतया थोवदिणाणि पच्छा उइयसमयं लक्खिऊण चुल्लपिऊ भणइ-वच्छ! आणेह तं पोट्टगं। भाउणिज्जो तं पोट्टगं अप्पणहत्थेहिं उग्घाडइ। पासित्ता हीरगं विम्हिओ जाओ। हा! हा! उड्ढज्झुणीए सुयेण सूइअं-नेवं-नेवं मायर! ण इमं रयणं, पच्चक्खं कायखंडं।

पिअपुत्त! णिच्छियमेव परिवट्टिअं तुज्झ चुल्लपिऊणा। ईसिं विहसमाणेण सुयेण चोइअं-अम्ब! ण फासियं, ण विज्जए तस्स हिअयम्मि अंतस्सल्लं। परिछड्डसु मिच्छा संदेहं। भाउणिज्जो गहित्ता झत्तिं पोट्टगं सिग्घं पविट्ठो आवणम्मि। गहिर-सरेण वोत्तुमाढत्तो-ताय! भणसु सच्चं-सच्चं वइयरं। तद्दिवसे कहमेअं ण साहियं जहत्थं। पुत्त! अविण्णायो आसि तुमं, पढमं वागरणेण किं? जइ कहेज्ज मए जहत्थं अस्स विसयम्मि ता तुह मायर-माणसं संदेहिरं होज्ज। संपइ तुमं णाणाविज्जा पारंगओ।

गिह कज्जम्मि, आयाणप्पयाणम्मि, आवण-वावारम्मि य परिचिओ जाओ। परिक्खाकरणक्खमो वि। संपइ महकहणेण एगहुत्तं पुणो तस्सपरिक्खा कायव्वा।

83. ज्ञान जीवन का सार है

जा बेटा! हीरों की गठरी लेकर अपने चाचा जी के पास जा। भतीजा शीघ्र रत्नों की पोटली लेकर दुकान पर जाता है। चाचा से कहता है मां ने यह रत्न बेचने के लिए दिए हैं। उचित मूल्य में बेच देना। चाचा पुत्र से गठरी खुलवाता है व रत्नों को देखकर कहता है—पुत्र! अभी इस सामग्री को स्वच्छ वस्त्र में बांधकर रख दो। जब हम मांगेंगे, तब ले आना। सन्तुष्ट हो भतीजा अपने घर गया, माता को सारी बात बता दी। माता ने स्वच्छ वस्त्र में लपेट मंजूषा में रख दी। तथा सार संभाल भी करती रही। भतीजा जब समझदार हो गया तब कुछ समय के बाद उचित समय देखकर चाचा ने कहा—वत्स अब उस गठरी को ले आओ। भतीजे ने घर में अपने ही हाथों उसे खोलकर देखा। हीरे को देख विस्मित हुआ ऊंचे स्वर में माता से कहता है माता यह हीरे नहीं बल्कि कांच के टुकड़े हैं।

प्रिय पुत्र! निश्चित ही तेरे चाचा ने बदल दिए हैं। हंसता हुआ बेटा बोला—अम्ब! चाचा ने इनका स्पर्श तक भी नहीं किया। उनके दिल में किसी भी प्रकार का शल्य नहीं है। मिथ्या भ्रम तोड़ दो मां। और फिर उस पोटली को उठाकर दूकान पर आता है और चाचा से कहता है चाचाजी! बिल्कुल सच बोलना, झूठ मत बोलना, आपने उस दिन यथार्थ बात क्यों नहीं बताई कि ये हीरे नहीं हैं। उस समय तू इन सब बातों से अज्ञात था। और उस समय यदि मैं कुछ कहता तो तेरी मां के मन में संदेह उत्पन्न हो जाता। अब तुम अनेक विद्याओं में पारंगत हो गए हो। गृह-कार्यों में आदान-प्रदान में व्यापार में परिचित हो गए हो। रत्न परीक्षा करने में समर्थ हो। अब मेरे कहने से एक बार उसकी परीक्षा करनी चाहिए।

84. इच्छा हु आगाससमा अणंतिया

विहरंति वणमज्झे सुहंसुहेण पसु-पक्खिणीओ। एगासिअं कयं देवाहिं दिव्वझूणी—जो पसु-पक्खी ण्हाहिइ इमम्मि सरोवरम्मि ताणं विलुप्पइ पसुजोणी, जइ मणुओ ण्हाहिइ सो वावइ देवत्तणं। एवं णिसुणित्ता वलिमुहेण साहेउं पउत्तो—वाणरी! अस्स ठाणस्स अइमहप्पो अत्थि अम्हेहिंवि ण्हायव्वं। ते समुक्कंट्ठिआ सरोवरम्मि पवेसिअ ण्हाहिअ य! विलुत्तं पसुत्तणं, ते लद्धं नरभवं। अच्छरियं ज्जुत्तं दोण्हिजणा आणंदं अणुहवंति। वाणरो भणइ पिअयमे, रईए सह पज्जुण्णं विव मए सद्धिं सोहइ तुमं। दोण्हि बहु-हरिसिआ जाआ।

चवलो तरुणो कहइ—सुहगे! पुणरवि एगहुत्तं सरोवरम्मि ण्हायव्वं। पुणो-पुणो परिकहिज्जइ परं ण मन्नइ जुवई। सामी! अई लोहो ण कायव्वो, मा कुण अण्णणग्गहं। पिअयमे! हवेज्ज को एआरिसो मंदभग्गो जो दंडेण पडिसेहए अब्भागच्छमाणिं दिव्व-लच्छिं। सामी! तुम्हाण एआरिसी समीहा तु णिअंतं हस्सप्पयं। लोहवसेण अपरिपक्कबुद्धी मुक्खो देवत्तणस्स कोउहल्लवसेण अण्णग्गही झडित्ति णिवडिओ तडागम्मि। हवेज्ज सो ज्जेव होयव्वं। तेण हारिओ दुल्लहो मणुअजम्मो।पुणरवि वाणरो मूलरूवेण जाओ। तरुणी विम्हिआ। अंसुजलाउल-लोयणा जाया! जूरइ वाणरो, रूदंत्तो करइ बहु अणुतावं।

कहिअं पावयणे इच्छा हु आगाससमा अणंतिया। परं जे जणा इच्छाणिरोहं ण जाणंति सो वाणरसरिसाणुतावं करेंति।

84. इच्छा आकाश के समान अनन्त है

किसी जंगल में पशु-पक्षी सुखपूर्वक रह रहे थे। एक बार वहां देवताओं के द्वारा दिव्य ध्वनि हुई—जो भी प्राणी इस सरोवर में स्नान करेगा उसकी पशु योनि विलुप्त होगी और अगर मनुष्य स्नान करेगा तो वह देव बन जाएगा।

इस प्रकार सुनकर एक बन्दर ने बन्दरी से कहा—इस स्थान का बहुत बड़ा महत्त्व है। हमें भी सरोवर में स्नान करना चाहिए। पशुता विलुप्त हो गयी। महामूल्य नरभव को प्राप्त कर लिया। आश्चर्य युक्त दोनों लोग आनन्द का अनुभव करने लगे। बन्दर ने कहा—रति के साथ कामदेव की तरह तुम मेरे साथ सुन्दर लग रही हो। दोनों के खुशी की कोई सीमा न रही।

चपल तरुण ने युवती से कहा—सुभगे! एक बार हमें दुबारा स्नान और करना चाहिए। बार-बार कहा पर युवती ने नहीं माना, स्वामी! ज्यादा लोभ नहीं करना चाहिए। अज्ञान आग्रह मत करो। प्रियतम! ऐसा कौन भाग्यहीन होगा जो आती हुई लक्ष्मी को दंडे से मारकर भगा देगा। स्वामी! तुम्हारी यह इच्छा नितान्त हास्यप्रद लगती है।

लोभ! बस अपरिपक्व बुद्धि वाला मूर्ख बन्दर देव योनि को प्राप्त करने के अनाग्रहवश शीघ्र तालाब में कूद पड़ा 'अन्ततोगत्वा' वही हुआ जो होना था। दुर्लभ मनुष्य जन्म को हार गया। बन्दर मूल रूप में आ गया। तरुणी अत्यन्त विस्मित हो गयी, आंखों से जलधारा बह रही थी। बन्दर भी दु:खी हुआ। रोता हुआ बन्दर बहुत अनुताप करने लगा।

85. वेयणा-विमुत्ती

